## सार-समाचार

### जल व स्वच्छता मिशन की बैठक हुई

**जालोर**, (कासं)। जल जीवन मिशन जालोर की आठवीं बैठक का आयोजन कलक्ट्रेट सभागार में जिला कलैक्टर नमृता वृष्णि की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलैक्टर ने निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। इसके तहत मिशन के रूप में कार्य करते हुए वर्ष 2024 तक हर घर में नल कनेक्शन से पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा। इसलिए इस अभियान को जिलें में सभी विभाग अपनी-अपनी भागिदारी सुनिश्चित करते हुए कार्य निष्पादन करे। कुल 793 विलेज एक्शन प्लान में से 280 विलेज एक्शन प्लान अनुमोदन होने पर क्रियाशील आईएसए ऐजेन्सी प्रतिनिधि को शेष विलेज एक्शन प्लान दिसम्बर माह तक पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल गुणवत्ता निगरानी के लिए हर गांव में ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों की पाचं महिला सदस्यों को पीएचईडी विभाग के माध्यम से ब्लॉक स्तर पर प्रस्तावित एफटीके प्रशिक्षण कराने के भी निर्देश दिये। सदस्य सचिव पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता ताराचंद कुलदीप ने बताया कि जिलें में मिशन के अंतर्गत 2342 नल कनेक्शन दिये जा चुके है। जल जीवन मिशन के तहत 328.57 लाख रूपये व्यय हो चुके है। जिले के सभी गांवो की ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों का गठन किया जा चुका है तथा 753 ग्राम समितियों के विलेज एक्शन प्लान भी तैयार करवा दिये गये है। बैठक में कृषि विभाग के उपनिदेशक आरबी सिंह, उघान विभाग से भूपेन्द्रसिंह राठौड, डिस्कॉम के अधिशाषी अभियंता एन.एल. सुथार, भूजल विभाग वैज्ञानिक महेन्द्रसिंह चौहान, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक अशोक कुमार, शिक्षा विभाग से एईन समसा अशोक माथुर, पीएचईडी के अधिशाषी अभियंता जालोर श्याम बिहारी बैरवा, अधिशाषी अभियंता मोनेटररिंग राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रशासन गांवों के संग अभियान

**रानी**, (निसं)। प्रशासन गांवों के संग अभियान के तहत बुधवार को रानी उपखण्ड के ग्राम पंचायत इटंदरा मेडतिया में कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मारवाड जंक्शन विधायक खुशवीर सिंह, उपखण्ड अधिकारी रवि कांत सिंह, तहसीलदार सुनीता चारण, विकास अधिकारी आवड दान, प्रधान श्यामा कंवर, सरपंच भंवरलाल , पी आर ओ वैद प्रकाश, सहित समस्त ब्लॉक लेवल अधिकारीगण उपस्थित रहे। कैंप में राजस्व, पंचायती राज सहित अन्य सभी विभागों द्वारा आम जन की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया गया। उपखण्ड अधिकारी सिंह ने बताया कि कैंप में राजस्व विभाग द्वारा सहमति से बंटवारे के 32, रास्ते के 1० , शुद्धि के 121प्रकरण , 136 भू राजस्व अधिनियम के 35, सीमांकन 25, म्यूटेशन 121 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। पंचायती राज विभाग द्वारा 131 पट्टे, ०6जॉब कार्ड, 14 पीपीओ जारी किए गए, । साथ ही तीन बच्चों को पालनहार योजना से लाभान्वित किया गया। कैंप समापन पर उपखण्ड अधिकारी रवि कांत सिंह द्वारा समस्त ग्रामीणों को वैक्सीन लगवाने, और मास्क का प्रयोग करने के लिए अपील की।

### मालेरा टोल प्लाजा के खिलाफ जन संपर्क

**सरूपगंज**, (निसं)। स्वरुपगंज में शिवसेना ने बुधवार को 15 दिसंबर को मालेरा टोल प्लाजा को बंद करवाने को लेकर शिवसेना तहसील प्रमुख भूराराम राठौर ने स्वरूपगंज उपखंड क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर शिव सैनिकों को व ग्रामीणों को शिवसेना द्वारा मालेरा टोल प्लाजा के खिलाफ अवैध रूप से टोल वसूली को लेकर 15 दिसंबर बुधवार को दो बजे अधिक से अधिक संख्या में शिवसैनिको ने ग्रामीणों से समर्थन मांगा। अगली तैयारियों को लेकर शिव सैनिकों को भारी संख्या में पहुंचने का आव्हान किया। जनता की गाढ़ी कमाई को कई वर्षो से एनएचएआई द्वारा अवैध टोल प्लाजा खोलकर खुलेआम लूटा जा रहा है जिसे बंद करवाने की मांग को लेकर शिवसैनिक विरोध प्रदर्शन करेंगे। स्वरूपगंज उपखंड क्षेत्र के रोहिडा, वासा, वाटेरा, भारजा, भीमाना, भुला, मांडवाडा देव व वालोरिया का दौरा कर बताया कि सैकडों शिवसैनिक टोल प्लाजा के घेराव में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे।

### पालनहार के तहत मिला लाभ

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे प्रशासन गावों के संग अभियान के तहत बागोडा पंचायत समिति की लूणावास ग्राम पंचायत में आयोजित शिविर में कुसुबी देवी ने अपनी 8 वर्षीय दोहिती माया के बारे में शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी मृदुला शेखावत को बताया कि माया जब छह माह की थी। तब उसकी पिता की मृत्यु के बाद माया की मॉ नाता प्रथा के तहत उसे नानी के पास छोड़कर अन्यंत्र चली गई। शिविर प्रभारी ने तुरन्त समाज कल्याण विभाग द्वारा पालनहार योजना का लाभ माया कुमारी को दिलाया। माया को पालनहार योजना का लाभ मिलने पर कुसबी देवी के चेहरे पर खुशी की लहर छा गई और उसने प्रशासन गावों के संग अभियान की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**स्वरूपगंज**, (निसं)। स्थानीय स्कूल खेल मैदान में नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ भुला पूर्व सरपंच कन्हैया लाल अग्रवाल व समाजसेवी वहीद कुरेशी के आतिथ्य में किया गया। जानकारी के अनुसार स्थानीय स्कूल खेल मैदान में नाईट क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मैच ढाकेला वर्सेज नांदिया के बीच खेला गया। जिसमें नांदिया की टीम विजेता रही। इस दौरान फिरोज सावंत, सोनू शर्मा, इमरान पठान, किशन मोहरेशा, दीपक सिंह, आदिल कुरेशी, नारायण राठौड़, शहनवाज अली, आसिफ कुरेशी, राहुल चोधरी समेत कई लोग मौजूद रहे।

### आसमान में छाए रहे बादल

**पाली**, (नि.सं.)। दिसंबर माह के लगते ही मौसम में खाया पलटा जिसको लेकर बुधवार को शहर के आसमान में दिनभर बादल छाए रहे। सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। जिसके कारण सर्दी बढ़ गई। पाली शहर वासी गर्म कपड़ों में लिपटे नजर आए। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में मावट की बारिश होने वह सर्दी बढ़ सकती है।

# एच.आई.वी. पीड़ितों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने पर सम्मान किया

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिले में एचआईवी से संक्रमित व्यक्तियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के संदर्भ में विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने बुधवार को आईसीटीसी काउंसलर और एआरटी संस्थान को सम्मानित किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डा एस.पी. शर्मा ने बताया की विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष में राजस्थान एड्स कंट्रोल सोसायटी जयपुर द्वारा एचआईवी एड्स के परिपेक्ष्य में उत्कृष्ट कार्य करने पर जयपुर में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री, राजस्थान सरकार श्रीमान परसादी लाल मीणा द्वारा एचआईवी एड्स से संक्रमित व्यक्तियों को बेहतर परामर्श, जांच एव बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने पर जिला चिकित्सालय में संचालित एआरटी सेंटर एवं आईसीटीसी काउंसलर कमलेंद्र सिंह मंडलावत को राष्टीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम में विशेष सराहनीय कार्य करने में उपलक्ष में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान एआरटी डाटा मैनेजर जाकिर अली, काउंसलर राकेश टांक मौजूद रहे।

### सुमित्रा बोहरा राज्य स्तर पर सम्मानित

**जोधपुर** , (कासं)। विश्व एड्स दिवस पर राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी की ओर से जयपुर में बुधवार को आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सुमित्रा बोहरा को एड्स नियंत्रण के उत्कृष्ट , उल्लेखनीय एवं सराहनीय कार्य के लिये सम्मानित किया गया। उम्मेद अस्पताल में प्रिवेंशन ऑफ पेरेंटल ट्रांसमिशन सेंटर में कार्यरत परामर्शदाता सुमित्रा बोहरा को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने एड्स कंट्रोल में सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। सुमित्रा बोहरा के अथक प्रयास से 2014 से अब तक लगभग 146 बच्चे एड्स संक्रमित माता से जन्म लेकर भी संक्रमण मुक्त पैदा हुए।

### फतेहपोल स्कूल में जागरुकता शिविर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर महानगर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रविंद्र कुमार जोशी के आदेशानुसार एवं रैना शर्मा अपर सेशन न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जोधपुर महानगर के निर्देशानुसार बुधवार को प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता अशोक कुमार जोशी एवं रजनी व्यास ने विश्व एड्स दिवस व बाल विवाह निषेद्य अभियान के तहत राजकीय सीनियर उच्च माध्यमिक विद्यालय फतेहपोल में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन कर बताया कि एड्स का बचाव ही एड्स का उपाय है।

उन्होंने बताया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है, समाज के लिए कलंक है इसे जड़ से समाप्त करने की आवश्यकता है।

### गोष्ठी आयोजित

**रेवदर**, (निसं)। सिरोही जिले में ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के एचडीबीएफएच कार्यक्रम के अंतर्गत एवं परिवार नियोजन स्वास्थ्य विभाग रेवदर के संयुक्त तत्वावधान में आंगनबाड़ी केंद्र मकावल व लूणोल (रेवदर) में विश्व एड्स दिवस को लेकर कार्यक्रम किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के दौरान ममता संस्था के प्रोग्राम ऑफिसर प्रवीण बिश्नोई ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान लाभार्थी गर्भवती माताएं,धात्री माताएं एवं योग्य दंपत्ति व किशोरी बालिकाओं को विश्व एड्स दिवस मनाने के पीछे उद्देश्य व एड्स के बारे में हर उम्र के लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रोजेक्टर के माध्यम से समझाया गया।

कार्यक्रम में आशा रेवदर ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सुरेश कुलदीप ने एचआईवी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि एचआईवी का एक मुख्य कारण संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संबंध बनाने, ब्लड चढाने के दौरान शरीर में एचआईवी संक्रमित रक्त के चले जाने से वह एचआईवी पॉजिटिव व्यक्ति पर इस्तेमाल करने से एवं गर्भवती पॉजिटिव महिलाएं गर्भावस्था के दौरान ध्यान रखने सहित कई अन्य बातों व सावधानी के बारे में विस्तृत रूप से समझाया गया।

कार्यक्रम में आशा सहयोगिनी निकिता जोशी ने एड्स के मुख्य कारण एवं लक्षण सहित बचाव की मुख्य बातें परिचर्चा के दौरान समझाइए गई।

इसी प्रकार लूणोल गांव में ममता संस्था के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर जबराराम ने विश्व एड्स दिवस का उद्देश्य एड्स रोग के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि एचआईवी संक्रमण के प्रसार की वजह से एड्स महामारी के प्रति जागरूकता बढाना, और इस बीमारी से जिसकी मौत हो गई है उनका शोक मनाना है।

इस अवसर पर आंगनवाडी कार्यकर्ता चंदा देवी, लक्ष्मी देवी, आंगनवाडी सहायिका जमना देवी, सुखी देवी, लूणोल से लता देवी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगिनी रेखा देवी सहित ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण पेयजल समिति के सदस्य सहित ग्राम स्वास्थ्य मित्र व अन्य लाभार्थी महिलाएं उपस्थित रही।

### जोधपुर डिस्कॉम ने 8 बिजली चोरी के प्रकरण पकड़े

**जोधपुर**,(का.सं.)। जोधपुर डिस्कॉम ने बिजली चोरों के खिलाफ व्यापक अभियान छेड़ रखा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार एक दिसंबर को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतर्कता जोधपुर के निर्देशन में जोधपुर जोन एवं बीकानेर जोन में सतर्कता अधिकारियों एवं थानाधिकारी एटीपीएस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों पर बिजली चोरी के मामले पकड़ते हुए सतर्कता जांच प्रतिवेदन भरे और कई स्थानों से बिजली के अवैध ट्रांसफार्मर जब्त किए गए।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतर्कता नाजिम अली खान के अनुसार जोधपुर संभाग में आठ स्थानों पर बिजली चोरी होते हुए पाई गई। इसमें जोधपुर शहर वृत्त में 3 स्थानों पर एक प्रकरण लूणी, एक तिंवरी, एक सिणधरी, एक खारची और एक बिजली चोरी का एक प्रकरण फतहगढ़ में सामने आया है।

इसी प्रकार सुरतगढ़ में चार, नौखा शहर, सरदार शहर और रतनगढ़ में एक-एक बिजली चोरी का प्रकरण सामने आया है।

मिली जानकारी के अनुसार इन मामलों में लाखों रूपये की बिजली चोरी होने का अनुमान है। राजस्व वसूली के प्रयास किए जा रहे हैं।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की मोबाइल वैन को रवाना किया

■ कलैक्टर नम्रता वृष्णि, एस.पी. हर्षवर्धन अग्रवाला ने रवाना किया

**जालोर**, (कासं)। जिला कलैक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु ने बुधवार को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के रथों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

जालोर जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा रबी 2021-22 हेतु जारी अधिसूचना के अनुसार गेहूँ, चना, सरसों, तारामीरा, जीरा एवं इसबगोल फसल को अधिसूचित किया गया है।

कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. आर.बी. सिंह ने बताया कि जालोर जिले में फसल बीमा के क्रियान्वयन के लिए बजाज एलायन्ज जनरल इन्श्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को अधिकृत किया गया है। योजनान्तर्गत फसली ऋण लेने वाले ऋणी कृषक, गैर ऋणी कृषक एवं बटाईदार कृषकों द्वारा फसलों का बीमा करवाया जा सकेगा। कृषक द्वारा मात्र एक बैंक अथवा संस्था के माध्यम से ही फसल का बीमा कराया जा सकेगा। कृषक द्वारा किसी स्थिति दोहरा बीमा मान्य नहीं होगा। गैर ऋणी एवं बटाईदार कृषक स्वैच्छिक आधार पर अपनी फसलों का बीमा नामांकन की अन्तिम तिथि 31 दिसम्बर तक निकट के सहकारी/ क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक/ वाणिज्यिक बैंक की शाखाओं एवं सी.एस.सी के माध्यम से अथवा अधिकृत बीमा कम्पनी बजाज एलायन्ज जनरल इन्श्योरेंस कम्पनी लिमिटेड के प्रतिनिधि अथवा फसल बीमा पोर्टल के माध्यम से भी निर्धारित प्रक्रिया अनुसार करा सकेंगे। उन्होंने बताया कि विभिन्न रबी की फसलों में बीमित राशि एवं कृषक प्रीमियम राशि प्रति हैक्टर गेहूँ बीमित राशि 41171 रूपये एवं प्रीमियम राशि. 617.57 रूपये, चना बीमित राशि. 49317 रूपये एवं प्रीमियम राशि 739.76 रूपये , सरसों बीमित राशि. 53083 रूपये एवं प्रीमियम राशि रू. 796.25, तारामीरा बीमित राशि 21353 रूपये एवं प्रीमियम राशि 320.30 रूपये, जीरा बीमित राशि. 90282 रूपये एवं प्रीमियम राशि 4514.1 रूपये तथा इसबगोल की फसल में बीमित राशि 61233 रूपये एवं प्रीमियम राशि रू. 3061.65 निर्धारित है।

# पद्मश्री डॉ. अर्जुनसिंह शेखावत का स्वागत




**पाली में पद्मश्री डॉ. अर्जुनसिंह शेखावत का अभिनन्दन विधायक ज्ञानचंद पारख, नगर परिषद सभापति रेखा भाटी, पूर्व सभापति राकेश भाटी, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बसंत कुमार लखावत के आतिथ्य में किया गया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। साहित्य साधना समिति व भारतीय विद्या मंदिर महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में भारत के राष्ट्रपति द्वारा पद्मश्री पुरस्कार से अलंकृत डॉ. अर्जुनसिंह शेखावत का अभिनन्दन किया गया।

पाली विधायक ज्ञानचंद पारख के मुख्य आतिथ्य, नगर परिषद सभापति रेखा राकेश भाटी की अध्यक्षता व पूर्व सभापति राकेश भाटी व पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बसंत कुमार लखावत के विशिष्ट आतिथ्य में संस्था के अध्यक्ष सीताराम जोशी साफा, ज्ञानचन्द पारख के द्वारा माला,रेखा भाटी द्वारा शाल व राकेश भाटी द्वाराश्रीफल व बसन्त लखावत, रविन्द्र जोशी,देवराज शर्मा व अतिथियों द्वारा डॉ. अर्जुनसिंह शेखावत अभिनन्दन पत्र प्रदान कर स्वागत किया गया। कवि सुख सिंह आउवा काव्यात्मक सम्मान व्यक्त किया। संस्था के निदेशक रवीन्द्र जोशी, संयुक्त निदेशक सुनील जोशी, उपनिदेशक शुभम् जोशी के साथ साहित्यकार मांगुसिंह दुदावत,पवन पाण्डेय, गोपीदास रामावत, अब्दुल समद राही, दिनेश दवे, शिक्षाविद सोहनलाल जोशी, हीरालाल, निजी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष प्रदीप दवे, राजेंद्र सिंह, जयशंकर त्रिवेदी, कृष्ण कुमार शर्मा, उषा जोशी ने शेखावत के सेवा से परिपूर्ण जीवन की सराहना करते हुए बहुमान किया। मुख्य अतिथि पारख ने शिक्षाविद व वरिष्ठ समाजसेवी सीताराम जोशी के जीवन पर आधारित व रविन्द्र कुमार जोशी द्वारा सम्पादित पुस्तक''यादों का इन्द्र धनुष''का लोकार्पण व पद्मश्री शेखावत का बहुमान करते हुए इनके समाज सेवा में समर्पित तपस्वी जीवन को नमन करते हुए इनके जीवन से सीख लेकर समाज व राष्ट्र के प्रति निष्ठा व समर्पण भाव से सतर्कता कार्य करने का आ ान किया। पद्मश्री शेखावत ने अपने अनुभव साझा करते हुए समाज के पीड़ित व उपेक्षित वर्ग के लिए अन्तर्मन से सेवा करने व अपनी मातृभाषा राजस्थानी को मान्यता दिलाने हेतु प्राणपण से कौशिश करने का आग्रह किया। अतिथियों ने आशुकवि सुखसिंह आऊवा को युथवर्ड भारतीय गौरव अवार्ड मिलने पर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की छात्राध्यापिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना व मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। महामंत्री देवराज शर्मा ने आभार जताया। शिवहरी शर्मा द्वारा शुभकामनाएं सन्देश भेजा समारोह में नवीन सिंह, धीरज दवे, गोरधन सिंह, शिवम जोशी, अंजू जोशी , भगवती , निशा एवं छात्राध्यापिका आदि उपस्थित रहे।

# जालोर में प्रशासन शहरों के संग शिविर आयोजित

**जालोर**, (कासं)। राज्य सरकार की ओर से शहरी क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के त्वरित निदान एवं पट्टो से वंचित लोगों को पट्टे जारी करने के लिए राज्य की नगरीय निकायों में ''प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021'' चलाया जा रहा हैं। इसी क्रम में नगरपरिषद, जालोर द्वारा बुधवार को नगरपरिषद के वार्ड संख्या वार्ड संख्या 30, 31, 32 के लिए रा.उ.प्रा. विद्यालय रामदेव कॉलोनी, जालोर में कैम्प का आयोजन किया गया।

परिषद के आयुक्त महिपालसिंह ने बताया कि जिसमें वार्डवासियों के द्वारा कृषि भूमि नियमन के लिए पट्टे के लिए दो आवेदन व आबादी भूमि नियमन के लिए दो आवेदन के प्राप्त हूए और डे-एनयूएलएम योजनान्तर्गत एक स्वरोजगार घटक, एक कौशल विकास प्रशिक्षण, चार शहरी पथ विक्रेता के तहत प्रमाण पत्र जारी करने के लिए प्राप्त हूए। वहीं इन्दिरा शहरी क्रेडिट कार्ड के लिए 15 आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। इसी क्रम में नगरपरिषद जालोर द्वारा जनहित में आमजन की सुविधार्थ 10 पट्टे कृषि भूमि नियमन के जारी किये गये एवं दो पट्टे स्टेट ग्रान्ट एक्ट के तहत जारी किये गये। इसके साथ ही छह जन्म मृत्यु प्रकरणों का शिविर में ही निस्तारण कर आमजन को वितरण किये गये। वहीं एनयूएलएम योजनान्तर्गत एक स्वयं सहायता समूह का गठन किया गया और चार पथ विक्रेताओं को व्यपार करने के लिए पहचान पत्र व व्यापार करने के लिए विक्रय प्रमाण पत्र जारी किये गये।

इसके अलावा कैम्प में मौजूद अन्य विभाग जिसमें पीएचईडी विभाग के द्वारा दो प्रकरणों का निस्तारण किया गया। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा पूरक पोशाहार के तहत 96 लाभार्थियों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसका निस्तारण किया जा रहा हैं और समेकित बाल विकास योजना के तहत एक प्रकरण प्राप्त हुए जिसका विभाग द्वारा निस्तारण किया जा रहा हैं। इसके अतिरिक्त चिकित्सा विभाग के द्वारा 14 प्रकरणों का कैम्प में ही निस्तारण किया जाकर आमजन को राहत प्रदान की गई।

# चोर डिस्कॉम कार्यालय से तिजोरी उठा ले गए

**जोधपुर**, ( कांस )। कबीर नगर स्थित जोधपुर डिस्कॉम कार्यालय में रात को चोरों ने सेंध लगाकर वहां से तिजौरी ही उठा ले गए। आज सुबह जब कार्यालय खुला तब घटना का पता लगा। सूचना पर सूरसागर पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। बताया गया कि कार्यालय के सहायक अभियंता रात को ही चार लाख केश अपने साथ लेकर चले गए, अन्यथा रूपए भी चले जाते। चुराई गई तिजौरी में सालाना ऑडिट की फाइलें आदि दस्तावेज थे।

# पति को बचाने पत्नी कुएं में कूदी

■ सोपरला गांव में पैर फिसलने से युवक कुएं में गिरा

**स्वरूपगंज**, (निसं)। सिरोही जिले में स्वरूपगंज के पास रोहिडा थाना क्षेत्र के समीप सोपरला गांव में पैर फिसलने से एक युवक कुएं में गिर गया।

पति को गिरता देख पत्नी ने बड़ी दिलेरी के साथ पति को बचाने के लिए कुएं में छलांग लगा दी। जिससे पति-पत्नी दोनों घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार रोहिडा थाना क्षेत्र के समीप सोपरला में एक कृषि कुएं पर सोहनलाल पुत्र नोनाराम गरासिया का पैर फिसलने से कुएं में गिर गया। पति को कुएं ने गिरता देख पत्नी सुमरी पत्नी सोहनलाल ने बड़ी दिलेरी दिखाते हुए बीस फीट गहरे कुएं में छलांग लगा दी। जिससे दोनो गम्भीर रूप से घायल हो गए। परीजनो की मदद से दोनो को बाहर निकालकर सरुपगंज अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सिरोही रेफर किया गया।

गनीमत रही कि कुंआ सुख होने के बावजूद दोनों बच गए। वरना बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।


कार्यालय ग्राम पंचायत देबावास पंचायत समिति, जालोर

क्रमांकः/ग्राप/मनरेगा/2021-22/425 दिनांक 30.11.2021

ई-निविदा सूचना संख्या -01/2021-22

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत देबावास के लिए वित्तीय वर्ष 2021-22 की शेष अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण सामग्री एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकृत अनुभवी एवं इच्छुक विर्निमाता (ओं)/विक्रेता (ओ)/ फर्मो/संवेदकों/ आपूर्तिकताओं से, जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लेक लिस्टेड नहीं हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संबंधी समस्त विस्तृत कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है।

NIB No. ZJR2122A0510 UBN No. ZJR2122GLOB01782

सरपंच / ग्राम पंचायत देबावास / पंचायत समिति जालोर

ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत देबावास / पंचायत समिति जालोर


# जोधपुर में कांग्रेस को दो जिलाध्यक्ष मिले

**जोधपुर** , (कासं) । विगत डेढ़ दशक के इंतजार के बाद आखिरकार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के गृहनगर जोधपुर में कांग्रेस को नया जिलाध्यक्ष मिल ही गया।

खासियत की बात यह कि इस बार एक नहीं दो जिलाध्यक्ष मिले है। नगर निगम की तर्ज पर कांग्रेस संगठन को दो हिस्सों में बांट दिया गया है। जोधपुर नार्थ की बागडोर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष सलीम खान को तो जोधपुर पश्चिम में कांग्रेस संगठन की बागडोर शास्त्री नगर से पार्षद नरेश जोशी को सौंपी गई है। जबकि जोधपुर ग्रामीण में एक बार फिर बिलाड़ा विधायक हीरालाल मेघवाल जिलाध्यक्ष होंगे।

जोधपुर शहर में अपेक्षाकृत बेहत कम चर्चित चेहरों पर गहलोत ने दांव खेल सभी को एक बार फिर चौंका दिया है। यह पहले से तय था कि इस बार नगर निगम की तर्ज पर जोधपुर में पार्टी संगठन को दो हिस्सों में बांट दिया जाएगा। शुरू से ही यह कयास लगाए जा रहे ते कि गहलोत एक हिस्से की बागडोर किसी ब्राह्मण व दूसरे की जिम्मेदारी ओबीसी या वैश्य समुदाय में से किसी को सौपेंगे। इसके पीछे यह तर्क दिया जा रहा था कि सईद अंसारी के रूप में अल्पसंख्यक समुदाय के पास यह पद डेढ़ दशक से अधिक समय तक चला आ रहा है। कई चर्चित चेहरे जिलाध्यक्ष पद की रेस में शामिल थे। गहलोत ने एक बार फिर किसी को भनक तक नहीं लगने दी और कार्यकर्ताओं के बीच से सलीम खान और कैलाश जोशी को उठा कर बागडोर सौंप दी।

पचास वर्षीय सलीम खान शहरी क्षेत्र में कांठोस के बरसों पुराने कार्यकर्ता रहे है। बगैर किसी लाग लपेट के पार्टी संगठन की सेवा में वे हमेशा से तत्पर रहे। उनकी इस नियुक्ति में जोधपुर शहर विधायक मनीषा पंवार की अहम भूमिका मानी जा रही है।

बरसों से सलीम की सक्रियता को अब प्रतिफल मिला है।

नरेश जोशी जोधपुर में कांठोस के छात्र संगठन एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष रह चुके है। गहलोत के करीबी माने जाने वाले एडवोकेट काशीनाथ जोशी के भतीजे नरेश कई बरस तक पार्टी में सक्रिय रहने के बाद जालोर स्थित अपने ग्रेनाइट कारोबार के चलते ज्यादा सक्रिय नहीं रह पाए। बार फिर सक्रिय हुए और चुनाव लड़ा। चुनाव जीतने के साथ उनकी सक्रियता एक बार फिर बढ़ गई। सभी को साथ लेकर चलने की उनकी काबिलियत ने भी उन्हें इस पद तक पहुंचाने में काफी मदद की।

# पुरातत्व विभाग से जैसलमेर किले के मकानों की मरम्मत की अनुमति मांगी

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। भारत के एकमात्र लिविंग फोर्ट सोनार किले में लंबे समय से गिरने की कगार पर पड़े मकानों को लेकर जिला कलैक्टर आशीष मोदी ने भारतीय पुरातत्व विभाग को पत्र लिखा है। भारतीय पुरातत्व विभाग की महानिदेशक वी विद्यापति को कलेक्टर आशीष मोदी ने सोनार किले में गिरने के कगार पर सदियों पुराने मकानों की मरम्मत करवाने के लिए अनुमति दिलवाने की मांग की है । उन्होंने इस संबंध में एक अधिकारी की नियुक्ति की भी मांग की है ताकि लोगों को मकान की मरम्मत की परमिशन आदि के लिए भटकना नहीं पड़े ।

दरअसल सोनार दुर्ग में सदियों से लोग निवास कर रहे हैं , इसी वजह से इसे लिविंग फोर्ट भी कहा जाता है । इस किले में सदियों पुराने मकान हैं जिनकी मरम्मत की जानी है मगर विभाग की अनुमति के बिना इनके मरम्मत का काम नहीं हो पा रहा है ।

बारिश के मौसम में कई बार पुराने मकानों के गिरने से हादसे भी होते रहे हैं । ऐसे में इन मकानों के आस - पास रहने वाले लोगों में हमेशा हादसे का डर सताता है । युनेस्को की धरोहर में शामिल होने और भारतीय पुरातत्व विभाग के अंडर में होने के कारण इनमें किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य और मरम्मत तक पर रोक लगी है । हालांकि कई लोगों ने जर्जर मकानों की मरम्मत के लिए भारतीय पुरातत्व विभाग से परमिशन भी मांगी है मगर विभाग की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया है । ऐसे में लोगों को हमेशा हादसे का डर सता रहा है। कलैक्टर आशीष मोदी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए भारतीय पुरातत्व विभाग की महानिदेशक को पत्र लिखकर इस बारे में अनुमति देने की मांग की है । कलक्टर ने खत में लिखा कि सोनार फोर्ट जिसमें लगभग पंद्रह सौ से अठारह सौ व्यक्ति निवास करते हैं , इनमें कई मकान जर्जर हालत में हैं । उसकी मरम्मत के लिए लोगों ने भारतीय पुरातत्व विभाग में आवेदन किया हुआ है परन्तु अभी तक विभाग कि तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया है । ये मकान इस हालत में है कि कभी भी गिर सकते हैं और जान - माल का नुकसान हो सकता है । कलक्टर मोदी ने पत्र में

निवेदन किया है कि जैसलमेर फोर्ट एक रहवासी दुर्ग होने तथा दुर्ग के अन्दर 2 नगर परिषद वार्ड होने के कारण यहां भारतीय पुरातत्व विभाग एवं नगर परिषद में आपसी तालमेल की आवश्यकता है । लेकिन विभाग में इस मामले को निपटाने के लिए भी कोई अधिकारी को नहीं लगाया गया है । जो अधिकारी है उनके पास भी अतिरिक्त चार्ज दिया हुआ है । वो अधिकारी भी 1 या 2 महीने में जैसलमेर आते हैं । कलैक्टर मोदी ने महानिदेशक से निवेदन किया है कि जैसलमेर में एक स्थाई अधिकारी की पोस्टिंग की जाए ताकि लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।


कार्यालय ग्राम पंचायत गोदन पंचायत समिति, जालोर

क्रमांकः/ग्राप/मनरेगा/2021-22/105 दिनांक 30.11.2021

ई-निविदा सूचना संख्या -01/2021-22

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत गोदन के लिए वित्तीय वर्ष 2021-22 की शेष अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की अन्य योजनाओं में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण सामग्री एवं उपकरण की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकृत अनुभवी एवं इच्छुक विर्निमाता (ओं)/विक्रेता (ओ)/ फर्मो/संवेदकों/ आपूर्तिकताओं से, जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लेक लिस्टेड नहीं हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संबंधी समस्त विस्तृत कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है।

NIB No. ZJR2122A0511 UBN No. ZJR2122GLOB01783

सरपंच / ग्राम पंचायत गोदन / पंचायत समिति जालोर

ग्राम विकास अधिकारी / ग्राम पंचायत गोदन / पंचायत समिति जालोर